अगड़ बम बम लहरी

हाथ जोड़ के बोली गवर्जा l
एक सुनो अन्तर्यामी ll
तीनों लोक बसाये बसती में l
तूँ आप बसें वीराने में ll
अगड़ बम बबम, बगड़ बम बबम,
बम बबम बम, बम लहरी ll

एक सुनो जी पार्वती मेरी,
'एक सुनो गौरां रानी' l
इस जंगल में क्या पावेगी l
कन्दली वन में डर जावेगी ll
हाथी चिंघाडे शेर दहाड़े l
जीव जंतु और नर को खावे ll
अभी लौट जा ओ गौरां l
अभी मान जा ओ गौरां ll
अगड़ बम बबम, बगड़ बम बबम,
बम बबम बम, बम लहरी ll

अल्ख निरंजन अल्ख निरंजन l
तुम दीपक और मैं बाती ll
तुम चँदा मैं तेरी चकोरी l
तुम सूरज और मैं ज्योति ll
आप फूल तो मैं हूँ खुशबू l

तुम माला और मैं मोती ll
मेरे संग में विआह रचाओ l
हे बन जाओ जीवन साथी ll
अगड़ बम बबम, बगड़ बम बबम,
बम बबम बम, बम लहरी ll

मुझे समझ ले बुझता दीपक,
'इस दीए में तेल नहीं' l
बारां बारां साल की लगे समाधि l
रहे हमारा मेल नहीं ll
विआह शादी का सख़्त हैं बंधन l
करनी मैं चाहता जेल नहीं ll
मेरे संग में विआह रचाना l
कोई बच्चों का खेल नहीं ll
भंग पीऊँ मैं पीऊँ धतूरा,
'न पीऊँ शर्बत ताड़ी' l
अस्सी वर्ष की मेरी अवस्था l
तेरी उम्र अभी है बाली ll
अगड़ बम बबम, बगड़ बम बबम,
बम बबम बम, बम लहरी ll

एक सुनो मेरे भोले नाथ जी l
एक सुनो मेरे दीनानाथ जी l
दिन भर तेरी भंग रगड़ूँगी ll
भंग रगड़ूँ तेरा रगड़ूँ धतुरा l
काज़ करूँगी तेरा पूरा ll
हुकुम बजाऊँ तेरा पूरा l
तुझे पिलाऊँ तेरा तिरग्नादिया ll
जो बच जावे मैं पी लूँगी l
अमृत जान समझ पी लूँगी ll

शरण में ले लो भोलेनाथ जी l
अपनी बना लो दीनानाथ जी ll
अगड़ बम बबम, बगड़ बम बबम,
बम बबम बम, बम लहरी ll

एक सुनो जी पार्वती मेरी,
'एक सुनो गौरां रानी' l
भस्म रमाऊँ धुनी रमाऊँ l
तांडव कर कर डमरू बजाऊँ ll
तांडव कर कर डमरू बजाऊँ l
गुफा बीच मेरा है डेरा ll
मेरे नागों की माला गले पड़ी l
मेरे भूतों की टोली साथ खड़ी ll
तूँ तो देख इसे डर जावेगी xll
मेरे संग में क्या पावेगी l
कोई अच्छा कुँवर राजा का ढूँढ ले l
कोई रूप कुँवर राजा का ढूँढ ले ll
तूँ रानी बनकर बैठ महल में l
अरे समझ जा गौरां री ll
अगड़ बम बबम, बगड़ बम बबम,
बम बबम बम, बम लहरी ll

दिए वचन को आज निभाऊँ l
नहीं तो मेरा शाप पड़े ll
रूप जले तेरा जले नदिया l
ज्यों पर्बत कैलाश जले ll
पेड़ फूल फल पात जलेंगे l
बस्ती जंगल साथ जले ll
अभी मान जा भोले नाथ जी l
तीनो लोक तेरे नाथ जले ll

अगड़ बम बबम, बगड़ बम बबम,
बम बबम बम, बम लहरी ll
अपलोडर-अनिलरामूर्तिभोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/agad-bum-bum-lehari/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw